भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1425**
दिनांक 13.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

**ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल से जल योजना के कार्यान्वयन में चुनौतियां**

**1425. डॉ. नामदेव किरसानः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) महाराष्ट्र में, हर घर नल से जल, योजना के अंतर्गत जिला-वार कितने परिवारों को कवर किया गया है;
(ख) क्या सरकार द्वारा उक्त योजना की धीमी प्रगति के कारण विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन में आने वाली चुनौतियों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन कराया गया है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार के पास महाराष्ट्र में उक्त योजना के अंतर्गत परिवारों के कवरेज में वृद्धि करने के लिए कोई दीर्घकालिक योजनाएं हैं; और
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) अगस्त 2019 से, भारत सरकार राज्यों की भागीदारी से देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कार्यशील नल जल कनेक्शन के माध्यम से नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता (बीआईएस: 10500) के साथ 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन (एलपीसीडी) के सेवा स्तर पर पीने योग्य पानी का प्रावधान करने के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल लागू कर रही है।

महाराष्ट्र राज्य सरकार द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 15.08.2019 को राज्य में जेजेएम के शुभारंभ के समय, केवल 48.44 लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन थे। तब से, 81.16 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 10.02.2025 तक, राज्य के 146.81 लाख ग्रामीण परिवारों में से 129.59 लाख (88.28%)

से अधिक ग्रामीण परिवारों के पास नल जल आपूर्ति का प्रावधान उपलब्ध है। महाराष्ट्र में नल जल कनेक्शन वाले परिवारों का जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख) और (ग) महाराष्ट्र सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की आयोजना और कार्यान्वयन में तेजी लाने तथा निगरानी करने और उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं जिनमें *अन्य बातों के साथ-साथ* राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से वार्षिक कार्य योजना (एएपी) पर चर्चा करना और उसे अंतिम रूप देना, आयोजना और कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा, क्षमता निर्माण और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए कार्यशालाएं/सम्मेलन/वेबिनार, तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए बहु-विषयक दल द्वारा क्षेत्र दौरे आदि शामिल हैं। पारदर्शिता लाने और प्रभावी निगरानी के लिए, एक ऑनलाइन 'जेजेएम डैशबोर्ड' बनाया गया है, जो राज्य/संघ राज्य क्षेत्र, जिला और गांव-वार प्रगति के साथ-साथ ग्रामीण घरों में नल जल आपूर्ति के प्रावधान की स्थिति प्रदान करता है।

जल जीवन मिशन के तहत, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मानक सांख्यिकीय नमूने के आधार पर, एक स्वतंत्र तृतीय-पक्ष एजेंसी के माध्यम से, मिशन के तहत प्रदान किए गए पारिवारिक नल जल कनेक्शनों की कार्यशीलता का वार्षिक मूल्यांकन कराता है। कार्यशीलता मूल्यांकन 2022 के दौरान, महाराष्ट्र में यह पाया गया कि 93% परिवारों (एचएच) के पास कार्यशील नल कनेक्शन थे। इनमें से 68% को पर्याप्त मात्रा में जल प्राप्त हो रहा था, 75% को उनकी पाइपगत जल आपूर्ति स्कीम की जलापूर्ति अनुसूची के अनुसार नियमित रूप से जल प्राप्त हो रहा था और 81% परिवारों को निर्धारित जल गुणवत्ता मानकों के अनुसार जल प्राप्त हो रहा था।

महाराष्ट्र सहित राज्यों ने सूचित किया है कि जल दबावग्रस्त, सूखा प्रवण और मरूभूमि क्षेत्रों में भरोसेमंद पेयजल स्रोतों की कमी, भूजल में भू-जनित संदूषकों की मौजूदगी, विषम भौगोलिक भू-भाग, अलग-थलग बसी हुई ग्रामीण बसावटें, कुछ राज्यों में समतुल्य राज्य अंश जारी करने में विलंब, कार्यान्वयन एजेंसियों, ग्राम पंचायतों और स्थानीय समुदायों के पास जल आपूर्ति योजनाओं की आयोजना, प्रबंधन, संचालन और रखरखाव के लिए तकनीकी क्षमता की कमी, कच्चे माल की बढ़ती कीमत, सांविधिक/अन्य मंजूरी प्राप्त करने में देरी आदि मिशन के कार्यान्वयन में आने वाली कुछ समस्याएं हैं। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी और रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे माल विशेष रूप से डीआई/एचडीपीई पाइपों की अल्प उपलब्धता ने भी राज्यों में कार्यान्वयन की गति को प्रभावित किया है।

(घ) और (ङ) महाराष्ट्र सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, राज्य मार्च, 2026 तक कार्य-परिपूर्णता की योजना बना रहा है।

# महाराष्ट्र में नल जल कनेक्शन वाले परिवारों का जिला-वार विवरण

| क्र. सं. | जिला | कुल ग्रामीण परिवार | कुल सूचित पारिवारिक कनेक्शन (10.02.2025 तक) | नल जल कनेक्शन वाले परिवारों का % |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अहमदनगर | 7,99,703 | 7,06,393 | 88.33 |
| 2 | अकोला | 2,48,458 | 2,16,687 | 87.21 |
| 3 | अमरावती | 4,34,115 | 4,26,524 | 98.25 |
| 4 | बीड | 4,72,732 | 3,58,008 | 75.73 |
| 5 | भंडारा | 2,56,684 | 2,17,372 | 84.68 |
| 6 | बुलढाना | 4,48,293 | 4,16,427 | 92.89 |
| 7 | चंद्रपुर | 3,95,251 | 3,56,364 | 90.16 |
| 8 | छत्रपति शिवाजीनगर | 4,88,084 | 4,12,750 | 84.57 |
| 9 | धाराशिव | 2,88,559 | 2,47,988 | 85.94 |
| 10 | धुले | 3,04,263 | 3,02,717 | 99.49 |
| 11 | गडचिरोली | 2,42,119 | 2,21,452 | 91.46 |
| 12 | गोंदिया | 3,07,730 | 2,49,098 | 80.95 |
| 13 | हिंगोली | 2,14,938 | 1,72,275 | 80.15 |
| 14 | जलगांव | 6,90,913 | 6,90,329 | 99.92 |
| 15 | जलना | 3,00,063 | 2,99,804 | 99.91 |
| 16 | कोल्हापुर | 6,84,162 | 6,79,268 | 99.28 |
| 17 | लातूर | 3,74,582 | 3,63,657 | 97.08 |
| 18 | नागपुर | 3,76,864 | 3,66,348 | 97.21 |
| 19 | नांदेड़ | 5,36,765 | 4,81,155 | 89.64 |
| 20 | नंदुरबार | 3,62,721 | 1,99,219 | 54.92 |
| 21 | नासिक | 7,18,369 | 6,63,660 | 92.38 |
| 22 | पालघर | 4,52,043 | 3,08,468 | 68.24 |
| 23 | परभनी | 2,99,744 | 2,45,043 | 81.75 |
| 24 | पुणे | 8,95,102 | 7,52,699 | 84.09 |
| 25 | रायगढ़ | 5,48,620 | 4,85,541 | 88.5 |
| 26 | रत्नागिरि | 4,48,354 | 3,84,935 | 85.86 |
| 27 | सांगली | 4,59,048 | 4,01,570 | 87.48 |
| 28 | सतारा | 6,18,518 | 5,70,034 | 92.16 |
| 29 | सिंधुदुर्ग | 1,93,373 | 1,58,446 | 81.94 |
| 30 | सोलापुर | 5,77,245 | 5,76,668 | 99.9 |
| 31 | थाने | 2,61,271 | 1,88,897 | 72.3 |
| 32 | वर्धा | 2,38,942 | 2,34,757 | 98.25 |
| 33 | वाशिम | 2,20,115 | 1,95,892 | 89 |
| 34 | यवतमाल | 5,22,884 | 4,09,226 | 78.26 |
| **कुल** | | **1,46,80,627** | **1,29,59,671** | **88.28%** |